दैनिक जागरण 09/03/2025

# सौंदर्य स्पर्धा में स्टाफ ने उत्साह से लिया भाग

जागरण संवाददाता● अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज में छात्रों और शिक्षकों, गैर शिक्षक के लिए सौंदर्य प्रतियोगिता का आयोजन किया। आयोजन का उद्देश्य कालेज के छात्रों और शिक्षकों को अनुभव करवाना और सराहना करना था, जो संस्था में उनके अमूल्य योगदान को पहचानता है। इस गतिविधि का मुख्य आकर्षण मेकअप आर्ट, साड़ी बांधना, नेल आर्ट, बेस्ट आउट आफ़ वेस्ट रहा। छात्रों ने अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया। प्रिंसिपल डा. रोहित



जीएमएन कालेज में आयोजित कार्यक्रम में शामिल विद्यार्थी व स्टाफ। ● विज्ञप्ति

दत्त ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस महिला सशक्तीकरण और उपलब्धियों का उत्सव है, जिसे हर्षोल्लास से मनाया जाना चाहिए।

इस मौके पर डा. नेहा, डा. भारती, डा. अमिता और महिला प्रकोष्ठ के सदस्य डा. सरोज, डा. नियति, डा. नीना आदि मौजूद रहे।